# एम्स में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

**भोपाल। एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रो. अजय सिंह के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। यह भारत सरकार की प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वस्थ भारत के सपने को साकार करना है।**



स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य अस्पताल एवं उसके परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर प्रो. सिंह ने स्वच्छता शपथ ग्रहण करवाई, जिसमें उन्होंने सभी संकाय, कर्मचारियों और छात्रों से एक स्वच्छ, हरित और प्लास्टिक-मुक्त परिसर बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम करने और पुनः उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा मिल सके।

इस अभियान के तहत प्रो. अजय सिंह ने स्वयं श्रमदान एवं वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। उन्होंने कहा, स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक आदत है, जो हम सभी के लिए एक स्वस्थ और सतत पर्यावरण सुनिश्चित करती है। स्वच्छता पखवाड़ा के माध्यम से हम जागरूकता फैलाने और स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं। हमारे सुरक्षा कर्मियों एवं सफाई कर्मचारियों के लिए टीकाकरण का समावेश उन निस्वार्थ योद्धाओं को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एम्स भोपाल को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में अहर्निश योगदान देते हैं।

इस पहल में उपनिदेशक (प्रशासन) कर्नल (डॉ.) अजीत कुमार, डीन (एकेडमिक्स) (डॉ.) रजनीश जोशी, कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) शशांक पुरवार, सहायक चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अंजन साहू तथा डॉ. बबीता रघुवंशी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## एसकेटी डम्प ट्रक 130 स्पेश लांच

**भोपाल।** निर्माण, खनन, लॉजिस्टिक्स और ऊर्जा उपकरणों की अग्रणी निर्माता सैनी ने आज पुणे स्थित अपने संयंत्र में भारत का पहला हाइब्रिड ऑफ-हाइवे 100 टन माइनिंग डम्प ट्रक एसकेटी 130 एस लॉन्च किया। यह दमदार मशीन देश में खनन क्षेत्र में तकनीकी आत्मनिर्भरता को नया आयाम देती है और अगली पीढ़ी की माइनिंग मशीनरी के निर्माण में भारत की अग्रणी भूमिका को रेखांकित करती है। एसकेटी 130 एस का बेजोड़ पावर, कार्यक्षमता और चालक की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। इसमें 925 का हाई-परफॉर्मेंस इंजन है, जो 3200 का जबर्दस्त टॉर्क उत्पन्न करता है, जिससे यह कठिनतम खनन परिस्थितियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है। लॉन्च के मौके पर सैनी इंडिया और साउथ एशिया के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री दीपक गर्ग ने कहा, एसकेटी 130 एस की पेशकश भारत के माइनिंग सेक्टर में नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी एक बड़ी उपलब्धि है। यह भारत का पहला 100 टन डीजल-इलेक्ट्रिक हाइब्रिड माइनिंग ट्रक है, जो यह दिखाता है कि सैनी भारत की विकसित होती औद्योगिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उच्च-प्रदर्शन और सुरक्षित समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आईसीएआर-आईएआरआई पुरस्कार से कृषक जगत सम्मानित



**भोपाल।** आईसीएआर-आईएआरआई के 120वें स्थापना दिवस पर, कृषक जगत के निमिष गंगराडे को सर्वश्रेष्ठ कृषि प्रिंट मीडिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद, आईएआरआई के निदेशक और कुलपति डॉ. च. श्रीनिवास राव, आईसीएआर के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ. डी. के. यादव और आईएआरआई के संयुक्त निदेशक (विस्तार) डॉ. आर. एन. पदरिया की उपस्थिति में प्रदान किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), जो भारत में कृषि अनुसंधान के लिए शीर्ष संस्थान है, ने कृषक जगत को उसके प्रिंट मीडिया के माध्यम से सक्रिय रूप से कृषि प्रौद्योगिकी को अपनाने और किसानों के साथ बेहतर जुड़ाव के लिए डिजिटल विस्तार सेवाओं को बढ़ाने के लिए मान्यता दी है। कृषक जगत के प्रयासों को नवाचार और जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन के बीच की खाई को पाटने में उनके प्रभाव के लिए मान्यता दी गई है।

# सलिला पांडे ने एसबीआई कार्ड में बतौर एमडी और सीईओ ज़िम्मेदारी संभाली



**भोपाल।** भारत के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड इश्यूर एसबीआई कार्ड ने घोषणा की है कि सुश्री सलिला पांडे ने 01 अप्रैल 2025 से कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर कार्यभार संभाला है।

सुश्री पांडे भारतीय स्टेट बैंक में लगभग तीन दशकों के लंबे और एक सफल करियर के साथ अनुभवी बैंकर हैं। उन्होंने भारत और विदेशों में कई प्रमुख लीडरशिप पदों पर ज़िम्मेदारियाँ निभाई हैं।

एसबीआई कार्ड की ज़िम्मेदारी संभालने से पहले सुश्री पांडे मुंबई मेट्रो सर्किल की मुख्य महाप्रबंधक थीं। यहाँ उन्होंने बैंक के प्रमुख हिस्से फ़ाइनैंशियल मार्केट के रीटेल बिज़नेस का नेतृत्व किया। इसके अलावा, उन्होंने एसबीआई कैलिफ़ोर्निया में बतौर अध्यक्ष और सीईओ अपनी पिछली भूमिका में कोविड-19 के दौरान अनिश्चित आर्थिक माहौल के बीच बैंक के विकास का कुशलतापूर्वक नेतृत्व किया।

इस नियुक्ति पर अपने विचार साझा करते हुए, भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष श्री चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने कहा- मुझे एसबीआई कार्ड की एमडी और सीईओ के रूप में सुश्री सलिला पांडे का स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है और मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में एसबीआई कार्ड सभी शेयरहोल्डर्स के लिए नवाचार, विस्तार और मूल्य सृजन करना जारी रखेगा। मेरी ओर से उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएँ।

# एक मंच पर आए भारत के उभरते टेक स्टार्टअप्स

**भोपाल।** ऑनलाइन गेमिंग के क्षेत्र में अग्रणी टेक-फर्स्ट ऑर्गनाइजेशन गेम्स 24×7 ने अपने टेकएक्सपेडाइट एक्सलरेटर प्रोग्राम के पिच डे की मेजबानी की। इसमें 12 उभरते टेक स्टार्टअप्स ने निवेशकों, उद्योग जगत के अग्रणी लोगों एवं सरकारी प्रतिनिधियों के सम्मानित पैनल के समक्ष अपने इनोवेटिव समाधान प्रदर्शित किए। इन चुने गए स्टार्टअप्स में कोइरा, मैपल डॉट एआई, ग्लोवाट्रिक्स, लियाप्लस एआई, गैबिफाई, आर्फिकस, काइरोविजन, चिट्ठ, नोहा डॉट एआई, स्पोडा, ज्यूरॉन डॉट एआई और बीएबल हेल्थ शामिल हैं। महाराष्ट्र सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक मामले मंत्री आशीष शेलार ने इन स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा, 'टेकएक्सपेडाइट जैसी पहल अगली पीढ़ी के विचारों को पोषित करने, भारत में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को गति देने और मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है। ऐसी पहलें भविष्य की अग्रणी टेक कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए मंच प्रदान करने और उत्प्रेरक के रूप में काम करने के भारत सरकार के लक्ष्य के अनुरूप हैं। हम इस प्रोग्राम के प्रभाव और इससे समर्थन पाने वाले अद्वितीय स्टार्टअप्स की सफलता के साक्षी बनने के लिए उत्साहित हैं।'उभरते स्टार्टअप्स को महत्वपूर्ण संसाधन, मेंटरशिप और उद्योग में जरूरी एक्सपोजर देते हुए सशक्त करना इस प्रोग्राम का लक्ष्य है।

## सैंडविच जेनरेशन की महिलाओं के लिए फाइनेंशियल लिटरेसी ज़रूरी

**भोपाल।** एडलवाइस लाइफ़ के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अनुप सेठ कहते हैं कि, सैंडविच जेनरेशन की महिलाओं को फाइनेंस के बारे में अपनी जानकारी को बेहतर बनाने के साथ-साथ फाइनेंशियल प्लानिंग की जिम्मेदारी अपने हाथों में लेने के लिए भी आगे बढ़कर कदम उठाने चाहिए।इस जेनरेशन की 50प्रतिशत महिलाएँ अलग-अलग तरह के फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स की समझ की कमी को अपनी जमा-पूंजी बनाने में एक बड़ी चुनौती मानती हैं। सामान्य तौर पर सैंडविच जेनरेशन में 35 से 54 साल के लोग शामिल होते हैं, जिन पर दो अलग-अलग जेनरेशन - यानी अपने बुजुर्ग माता-पिता और बढ़ते बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी होती है। श्री सेठ ने कहा लंबे समय से महिलाएँ अपने घरों में सीएफओ की भूमिका निभाने के साथ-साथ परिवार में रोजमर्रा की आर्थिक गतिविधियों को संभालती रही हैं। फिर भी ज़्यादातर महिलाएँ लंबे समय की फाइनेंशियल प्लानिंग का काम अपने पिता या पतियों पर छोड़ देती हैं, चाहे वे कितनी भी पढ़ी-लिखी हों या कहीं भी रहती हों।

## लोकोमोटिव उत्पादन में बना नया कीर्तिमान

**भोपाल।** देश में रेलवे लोकोमोटिव का उत्पादन बढ़कर 1681 हो गया है जो संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप, दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के कुल लोको उत्पादन से भी अधिक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के सभी लोकोमोटिव इकाइयों की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए रेलवे बोर्ड के प्रवक्ता ने कहा कि पिछले साल भारत में 1472 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ था। इस तरह इस वर्ष पिछले साल की तुलना में 19प्रतिशत अधिक लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ है।

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 311/ निर्माण/ न.पा.नि./2025 — रीवा, दिनांक 28/3/25

**अनाधिकृत कालोनी विकास के संबंध में सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा द्वारा अनाधिकृत रूप से नियमित की जा रही अवैध कालोनियों के विरूद्ध म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 में वर्णित प्रावधान कण्डिका 22 के तहत अवैध कालोनी निर्माणकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है। अत: निम्न अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में क्रय किये गये भूखण्ड, कोई अन्तरण हेतु किसी भी प्रकार का करारनामा शून्य होगा। निम्न भूखडों में कोई क्रय/विक्रय किया जाना दण्डनीय अपराध माना जावेगा।

| क्र. | वार्ड क्र./ मोहल्ला | अवैध कालोनाइजर का नाम/पता | ग्राम/पटवारी/ तहसील/हल्का | आराजी नं. | कुल रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 निपनिया | 1. श्री दीपक गुप्ता पिता पवन कुमार गुप्ता 2. अजय कुमार गुप्ता पिता श्री विहारी लाल गुप्ता बगैरह पता-ग्राम निपनिया तहसील हुजूर नगर रीवा हाल मुकाम वार्ड क्र. 01 निपनिया रीवा (म.प्र.) | निपनिया | खसरा क्र. 1275 (s), 1277 जुज रकवा 3.27 एकड़ (1.32 हे.) | जुज रकवा 1.32 हे. |

उपरोक्तानुसार सर्व साधारण एवं भूमि स्वामी अवगत होकर सूचित हों।

**कार्यपालन यंत्री, हेतु आयुक्त, नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

## सूडोकू नवताल- 7380

★✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल -7379 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## काकुरो पहेली - 7059




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:





**काकुरो - 7058 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8447



**बाएँ से दाएँ**

1. उच्च कुल का-3
6. जलज,पंकज,नीरज-3
7. चरित्र,धर्म-5
8. वचन,प्रतिज्ञा-3
10. आनेवाला दिन-2
12. पक्षियों का शोर, पक्षियों की चहचहाट -4
15. अनबन,कहासुनी-4
17. रुपया,पैसा-2
19. भ्रम,संदेह-3
21. कहानी लिखनेवाला-5
23. अंजन-3
24. वजह-3

**ऊपर से नीचे**


2. अधिवर्ष,29 फरवरी वाला वर्ष-2,3
3. कंठ,गला-3
4. लाज,लज्जा-3
5. विवाह,ब्याह-2
6. सोना,धतूरा-3
9. टेका,आसरा-3
11. बुरी आदत-2
13. रेखा,लाइन-3
14. हत्या,मर्डर-2
16. नवचंद्राकार -5
18. अनुकृति-3
19. भला कार्य-3
20. घर,गृह,निवास-3
22. युद्ध,संग्राम -2

**शब्द पहेली -8446 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6877



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुम्रा तुम्रा तक तक तुम्रा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 6876**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6986

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 7 | 4 | | |
| 1 | 28 | 3 | 35 | 5 | 34 | 7 |
| | 5 | | 3 | | 2 | 6 |
| 7 | 34 | | 26 | | 33 | |
| 3 | 6 | | | 1 | 7 | |
| | 30 | 4 | 33 | | 32 | 1 |
| 2 | 1 | | 6 | | 5 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6985 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 29 | 4 | 36 | 6 | 29 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 3 | 33 | 6 | 33 | 7 | 32 | 2 |
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 4 | 32 | 5 | 29 | 5 | 34 | 7 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


## शब्दजाल - 7986

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | ना | ग | री | क | र | ण | गो |
| न | का | क | अ | इं | ड्रे | ने | ग | श | मा | ला |
| अ | दा | र | भि | मा | ग | अ | द | ह | प | का |
| श्रे | ग | प्र | क | र | ण | नु | धि | री | लि | र |
| णी | अ | अ | र | न | न | क | ह | क | न | दे |
| क | ना | का | ण | व | प | र | त | र | र | बां |
| र | मा | ल | म | श | अ | ण | वा | ण | न | ण |
| ण | न | भा | र | न | मी | स | ष्पी | ल | वि | ला |
| क | न | बा | अ | लं | का | क | क | न | जू | दे |
| र | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | र | का | प | श |
| वि | द्यु | ती | क | र | ण | स | ण | ण | र | र |

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'करण' लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

नागरीकरण, श्रेणीकरण, प्रकरण, अभिकरण, शमीकरण, वाष्पीकरण, अधिकरण, अनुकरण, शहरीकरण, विद्युतीकरण

**शब्दजाल - 7985 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore